सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-373
26/08/2017

मुख्यमंत्री ने नेपाल के प्रधानमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की

पटना 26 अगस्त, 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज होटल रॉयल रेसिडेंसी बोधगया में नेपाल के प्रधानमंत्री श्री शेर बहादुर देउबा से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विभिन्न बिन्दुओं पर वार्ता हुयी। इस अवसर पर नेपाल के प्रधानमंत्री के साथ एक प्रतिनिधिमण्डल भी मौजूद था। मुख्यमंत्री के साथ भी उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, जल संसाधन तथा योजना एवं विकास मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, कृषि मंत्री श्री प्रेम कुमार, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार सहित राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने नेपाल के प्रधानमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

******